Rajasthan Police

।। प्रेस नोट ।।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व

@dcpeastjodhpur

Dcp Jodhpur East

दिनांकः– 25.02.2023

जिला जोधपुर पूर्व द्वारा तृतीय श्रेणी प्रथम लेवल परीक्षा में डमी परीक्षार्थियों के विरूद्व कार्यवाही

- तीन डमी परीक्षार्थी गिरफ्तार ।

कार्यवाही पुलिस :–दिनांक 25.02.2023 को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड राजस्थान जयपुर द्वारा आयोजित होने वाली प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल प्रथम परीक्षा 2022 के सफल व निष्पक्ष आयोजन के लिए श्रीमान रवि दत्त गौड पुलिस आयुक्त जोधपुर, मन् पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व, श्री नाजिम अली खान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व जोधपुर पूर्व तथा श्री राजेन्द्र प्रसाद दिवाकर सहायक पुलिस आयुक्त वृत मण्डोर, जोधपुर पूर्व द्वारा नकल गिरोह की गतिविधियों व फर्जी परीक्षार्थियों की धरपकड़ के लिए निर्देश दिये गये। उक्त निर्देशों की पालना में निम्न तीन डमी परीक्षार्थियों को पुलिस थाना मण्डोर में गिरफ्तार किया गया।

1. राजकीय किसान कन्या स्कूल नागौरी बेरा, पुलिस थाना मण्डोर, जोधपुर में परीक्षार्थी जगदीश पुत्र केवलराम विश्नोई निवासी रावतनगर, ओसिया के स्थान पर डमी सुभाष पुत्र बाबूलाल विश्नोई निवासी हाणिया, पुलिस थाना ओसिया बैठा पाया गया। जो वर्तमान में शिक्षा विभाग में एलडीसी के पद पर बापीणी ब्लाक में कपूरिया गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माथूरागिरी की समाधी में पदस्थापित है।

Subhash Bishnoi

Jadish Godara

2. राजकीय अम्बेडकर आवासीय विद्यालय स्कूल पुलिस थाना मण्डोर, जोधपुर पूर्व में

A. सुरेश पुत्र भारमल विश्नोई निवासी भलीसर पुलिस थाना धोरीमन्ना के स्थान पर डमी गोपालसिंह भादू पुत्र तेजपालसिंह विश्नोई निवासी परावा पुलिस थाना चितलवाना जिला जालोर बैठा पाया गया।

B सुरेश कुमार पुत्र बाबूलाल विश्नोई निवासी सोनड़ी पुलिस थाना सेडवा जिला बाडमेर के स्थान पर डमी बीरबलराम पुत्र हरींगाराम विश्नोई निवासी भारूवाणियों की ढाणी, सांकड़, पुलिस थाना सांचौर जिला जालोर बैठा पाया गया।

Birbal Ram Vishnoi

Gopal Singh Bhadu